**कार्यालय महानिदेशक लेखापरीक्षा (केन्द्रीय)**
**चतुर्थ तल,ऑडिट भवन, नवरंगपुरा, अहमदाबाद380009 -**

सं.हि.अ./म.नि.ले.प.(के)/रा.का.स.ति.बै./2020-21/फा-33/ दिनांक: .08.2024

**सेवा में,**
उप निदेशक (कार्यान्वयन),
क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (पश्चिम),
राजभाषा विभाग,गृह मंत्रालय,भारत सरकार,
केंद्रीय सदन, छठा तल,सी विंग,सेक्टर-10,
सी.बी.डी.बेलापुर,नवी मुंबई-400614

**विषय - दिनांक 30.06.2024 को समाप्त हुई तिमाही की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक के कार्यसूची और कार्यवृत्त के संबंध में ।**

महोदय/महोदया,

कार्यालय महानिदेशक लेखापरीक्षा (केन्द्रीय), अहमदाबाद की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक दिनांक **20.08.2024** को महानिदेशक महोदय की अध्यक्षता में आयोजित की गई| निर्देशानुसार, उक्त बैठक की कार्यसूची एवं कार्यवृत्त इस पत्र के साथ प्रेषित किया जा रहा है |

यह पत्र महानिदेशक लेखापरीक्षा (केंद्रीय) के अनुमोदन से जारी किया जा रहा है ।

संलग्नक: यथोपरि ।

भवदीय,

निदेशक/प्रशासन

**महानिदेशक लेखापरीक्षा (केंद्रीय) का कार्यालय, अहमदाबाद**
**संख्या हि.अ./म.नि.ले.प.(कें)/रा.भा.का.स.ति.बै./फा-33 दिनांक: .08.2024**
**कार्यालय ज्ञापन**
**विषय: दिनांक 20.08.2024 को हुई राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का कार्यवृत्त।**

महानिदेशक लेखा परीक्षा (केंद्रीय) का कार्यालय, अहमदाबाद का राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक दिनांक 20.08.2024 को 3.00 बजे कॉन्फ्रेंस हाल (फ़र्स्ट फ्लोर) में श्री सौरभ कुमार जयपुरियार, महानिदेशक लेखापरीक्षा की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में कार्यसूची के अनुसार चर्चा की गई और मुख्यालय और शाखा कार्यालय, जयपुर में राजभाषा नीति के अनुसार हिंदी पत्राचार के लक्ष्य को प्राप्त करने और राजभाषा नीति के कार्यान्वयन हेतु आवश्यक निर्णय लिए गए।

2. बैठक का कार्यवृत ई-मेल द्वारा मुख्यालय के सभी अनुभागों एवं शाखा कार्यालय, जयपुर को सूचना, रेकॉर्ड और आवश्यक कार्रवाई हेतु इस पत्र के साथ संलग्न कर अग्रेषित किया जा रहा है।

3. यह कार्यवृत महानिदेशक लेखापरीक्षा के अनुमोदन पर जारी किया गया।

(रिधम धीरजलाल भाडजा)
निदेशक (प्रशा.)

संलग्न: यथोपरि।
प्रति:-

1. **महानिदेशक लेखा परीक्षा (केंद्रीय) का कार्यालय, अहमदाबाद के सचिव**
2. **निजी सहायक, निदेशक, महानिदेशक लेखा परीक्षा (केंद्रीय) का कार्यालय, शाखा-जयपुर**
3. **निजी सहायक, उप निदेशक (प्रशा.)**
4. **निजी सहायक, उप निदेशक (आई.टी.आर.ए. सह सी.ए.ई.)**
5. **मुख्यालय में स्थित सभी अनुभाग**
6. **आई.टी.एम.जी. अनुभाग को कार्यालय के वैबसाइट पर अपलोड करने के लिए।**

हिंदी अधिकारी

## महानिदेशक लेखा परीक्षा (केंद्रीय) का कार्यालय, अहमदाबाद

कार्यालय में 30 जून 2024 को समाप्त तिमाही की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन दिनांक 20.08.2024 को 3.30 बजे कॉन्फ्रेंस हाल (फ़र्स्ट फ्लोर) में श्री सौरभ कुमार जयपुरियार, महानिदेशक लेखा परीक्षा की अध्यक्षता में किया गया।

बैठक की कार्रवाई प्रारम्भ करने से पूर्व सदस्य सचिव ने अध्यक्ष महोदय का अभिनंदन करते हुए उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत किया और अध्यक्ष महोदय से अनुमति लेते हुए बैठक की कार्यवाही शुरू की।

तत्पश्चात बैठक में कार्यसूची के अनुसार निम्नलिखित मदों पर विचार-विमर्श करके आवश्यक निर्णय लिए गए:-

**मद संख्या 1. दिनांक 11.06.2024 को आयोजित पिछली बैठक के कार्यवृत की पुष्टि तथा पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर की गई अनुवर्ती कार्रवाई कार्रवाई की समीक्षा:**

उपरोक्त बैठक के कार्यवृत की पुष्टि की गई। उपरोक्त बैठक में लिए गए निर्णयों पर की गई कार्रवाई की समीक्षा मदवार निम्नानुसार है:-

1. कार्यालय पत्रिका के शीर्षक निर्धारण से संबंधित निदेश-

   महानिदेशक महोदय को नवीन प्रकाशित होने वाली गृह पत्रिका के शीर्षक निर्धारण के लिए कई ना सुझाए गए जिनमें से अध्यक्ष महोदय ने पत्रिका का शीर्षक 'गिर केसरी' रखने का निदेश दिया।

   **कार्रवाई:- हिंदी अनुभाग द्वारा इस संबंध में परिपत्र जारी किया गया और संपादक मंडल के गठन के लिए कार्यालय आदेश जारी किया गया।**

2. राजभाषा नियम, 1976 का नियम 5 का अनुपालन : अध्यक्ष महोदय ने सभी अनुभागों को उपरोक्त नियम का सख्ती से अनुपालन करने का निदेश दिया। साथ में अध्यक्ष महोदय ने हिंदी में प्राप्त वैसे पत्र जिनके उत्तर अपेक्षित नहीं थे इसका अनुभाग स्तर पर जांच करने का निदेश दिया।

   **कार्रवाई:- हिंदी अनुभाग द्वारा औचक (Surprise) निरीक्षण के दौरान उपरोक्त आदेश के अनुपालन की पुष्टि की गई। शाखा कार्यालय, जयपुर द्वारा हिंदी में प्राप्त पत्रों में से 03 पत्रों का उत्तर अंग्रेजी में दिया गया। अध्यक्ष महोदय ने उपरोक्त नियम का पूर्णतः अनुपालन का निदेश दिया।**

3. बैठक के दौरान भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा वर्ष 2024-25 का राजभाषा वार्षिक कार्यक्रम पर चर्चा किया गया। अध्यक्ष महोदय ने इसके अनुपालन का निदेश दिया।

   **कार्रवाई:- मुख्यालय कार्यालय में सभी अनुभागों द्वारा अनुपालन किया गया। शाखा कार्यालय, जयपुर द्वारा "क" क्षेत्र से अंग्रेजी में प्राप्त पत्रों में से 08 पत्रों का उत्तर अंग्रेजी में और "ख" क्षेत्र से अंग्रेजी में प्राप्त पत्रों में से 06 पत्रों का उत्तर अंग्रेजी में दिया गया। अध्यक्ष महोदय ने उपरोक्त वार्षिक कार्यक्रम का पूर्णतः अनुपालन का निदेश दिया।**

**मद संख्या 2. राजभाषा कार्यान्वयन और प्रगति के लिए अध्यक्ष महोदय द्वारा दिये गए निदेश**

1. अध्यक्ष महोदय ने शाखा कार्यालय, जयपुर को राजभाषा संवर्ग के पदों के सृजन के

लिए पत्राचार करने का निदेश दिया।
**अनुपालन: शाखा कार्यालय, जयपुर**

2. अध्यक्ष महोदय ने शाखा कार्यालय, जयपुर का राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित निरीक्षण करने का निदेश दिया।
**अनुपालन: हिंदी अनुभाग**

3. अध्यक्ष महोदय ने निरीक्षण प्रतिवेदन जारी करने वाले सभी अनुभागों को निरीक्षण प्रतिवेदन का प्रस्तावना को द्विभाषी करवाने का निदेश दिया।
**अनुपालन: निरीक्षण रिपोर्ट जारी करने वाले सभी अनुभाग हिंदी अनुभाग की सहायता लेकर इसका अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।**

4. अध्यक्ष महोदय ने हिंदी पुस्तक खरीद करने का निदेश दिया।
**अनुपालन: हिंदी अनुभाग (पुस्तक चयन) एवं सामान्य कार्य प्रबंधन अनुभाग (पुस्तक खरीद)**

हिंदी अधिकारी

Signed by Ridham
Dhirajlal Bhadja
Date: 23-08-2024 17:14:05